

## बिना नंबर प्लेट सड़कों पर दौड़ रहे 44 वाहन किए जब्त

**31 ट्रेक्टर-ट्रॉली, 11 डम्पर, 2 लोडर किए जब्त**

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 30 मई ।** जिले में बिना नंबर प्लेट संचालित वाहनों के खिलाफ पुलिस और परिवहन विभाग ने संयुक्त अभियान चलाकर दो दिनों में 44 वाहनों पर कार्रवाई की। इनमें 31 ट्रैक्टर-ट्रॉली, 11 डंपर और 2 लोडर शामिल हैं।

अभियान के तहत 28 और 29 मई को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सघन वाहन चेकिंग की गई। जांच के दौरान बिना नंबर प्लेट लगाए संचालित किए जा रहे वाहनों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई। इनमें 9 वाहनों के चालान बनाए गए, जबकि शेष वाहनों को जब्त कर परिवहन विभाग के सुपुर्द किया गया। जब्त किए गए 35 वाहनों के संबंध में न्यायालय के जरिए आगामी कार्रवाई की जाएगी। चेकिंग के दौरान वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने, निर्धारित स्थान पर नंबर प्लेट लगाने और आवश्यक दस्तावेज साथ रखने की समझाइश भी दी गई। पुलिस एवं परिवहन विभाग ने कहा कि बिना नंबर प्लेट चलने वाले वाहन कानून व्यवस्था और सड़क सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती हैं। ऐसे वाहनों के खिलाफ संयुक्त रूप से विशेष अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की जाती रहेगी।



## तमंचा लेकर वारदात करने घूम रहा बदमाश गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 30 मई ।** कैलारस पुलिस ने वारदात करने के इरादे से घूम रहे एक युवक को तमंचा और जिंदा राउण्ड के साथ गिरफ्तार किया है। कैलारस पुलिस को सूचना मिली कि शुगर मिल के पास एक युवक हथियारों के साथ खड़ा है और वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। पुलिस ने बताए गए स्थान पर दविश देकर वहां से राजकुमार पुत्र नरेश बाल्मीक निवासी वार्ड-1 कैलारस को पकड़ा। उसके पास से 315 बोर का तमंचा और एक जिंदा राउण्ड जब्त किए है। पुलिस ने आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज किया है। कार्रवाई में निरीक्षक सतेन्द्र सिंह कुशवाह और उनकी टीम शामिल थी।

## 90 फीसदी से ज्यादा अंक लाने वाली प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

**वैश्य महासम्मेलन द्वारा विद्यार्थियों को दिए गए प्रशस्ति पत्र**

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/जौरा, 30 मई ।** वैश्य महासम्मेलन पोरसा ने संत वाटिका में आयोजित सम्मान समारोह में हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले वैश्य समाज के 32 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। मेधावियों को प्रशस्ति-पत्र एवं सम्मान चिह्न प्रदान किए गए।

बतौर मुख्य अतिथि मौजूद वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश महामंत्री सतीश अग्रवाल ने कहा कि सम्मान से विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ता है। उन्होंने शिक्षा को जीवन की सबसे बड़ी संपत्ति बताते हुए मेहनत और लगन से अध्ययन करने का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष नरेश अग्रवाल ने की। संचालन हरिओम गुप्ता एवं दिलीप जैन ने किया। समारोह में दिनेशचंद्र बंसल, दिनेश शर्मा, उमेश गुप्ता, धीरज गर्ग, हरीशंकर गुप्ता, राधाकृष्ण गुप्ता, महावीर जैन, रमेशचंद्र सिंघल, राकेश जैन, डॉ. अनिल गुप्ता सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु मौजूद रहे।



सांची-नभिका, निहारिका-भूमि ने हासिल किए 97 फीसदी अंक हाईस्कूल वर्ग में सांची गुप्ता, नभिका जैन, निहारिका जैन और भूमि जैन ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर श्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। वहीं हायर सेकेंडरी वर्ग में प्रियांशी वर्मा और पारस गोयल ने 94 प्रतिशत अंक हासिल करने पर समारोह में प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मान किया गया।

### पूर्व विधायक ग्यारसीलाल रावत के वाहन पर पथराव

**बड़वानी, 29 मई.** जिले के वरला थाना क्षेत्र में पूर्व कांग्रेस विधायक ग्यारसीलाल रावत के वाहन पर अज्ञात लोगों द्वारा पथराव किए जाने का मामला सामने आया है. पुलिस ने इस संबंध में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. सेंधवा के अनुविभागीय पुलिस अधिकारी अजय वाघमारे ने बताया कि पूर्व विधायक ग्यारसीलाल रावत की शिकायत पर अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है. रावत ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि वह बुधवार देर रात अपने चालक के साथ सेंधवा से गृह ग्राम हिंगवा जा रहे थे.

### बंद आश्रमों को करें प्रारंभ : दिग्विजय

**भोपाल, 29 मई .** राज्यसभा सांसद एवं मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर वर्ष 2016 से बंद पड़े अनुसूचित जाति (अजा) वर्ग के बालक एवं कन्या आवासीय आश्रमों को पुन: प्रारंभ करने की मांग की है.दिग्विजय सिंह ने अपने पत्र में आदिवासी कल्याण विभाग छात्रावास/आश्रम शिक्षक एवं अधीक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. जावर सिंह आगरा द्वारा उठाई गई चिंताओं का उल्लेख करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों में अनुसूचित जाति कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित कई आवासीय आश्रम वर्ष 2016 में बंद कर दिए गए थे.

## कार्यकर्ताओं का स्नेह व विश्वास ही मेरी पूंजी : महेन्द्र



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 30 मई ।** मप्र राज्य सहकारी अपेक्स बैंक के अध्यक्ष महेंद्र यादव शनिवार को अल्प प्रवास पर मुरैना पहुंचें। प्रथम आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं और सहकारिता से जुड़े पदाधिकारियों ने जगह-जगह उनका भव्य स्वागत किया। स्वागत से अभिभूत श्री

**मप्र अपेक्स बैंक के अध्यक्ष/प्रशासक के आगमन पर हुआ स्वागत**

यादव ने कहा कि कार्यकर्ताओं का प्रेम, सम्मान और विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी है।

रेस्ट हाउस में आयोजित बैठक में अध्यक्ष महेन्द्र यादव ने भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संगठनात्मक विषयों एवं जनहित के मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष, पूर्व सांसद अशोक अर्गल, पूर्व मंत्री मुंशीलाल, पूर्व विधायक रघुराज कंषाना, महापौर शारदा सोलंकी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### लोकतंत्र सैनानियों के घर पहुंचकर की मुलाकात

प्रवास के दौरान महेन्द्र यादव ने वरिष्ठ भाजपा भाजपा नेताओं एवं लोकतंत्र सेनानियों के निवास पर पहुंचकर आशीर्वाद और मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस दौरान सहकारिता आंदोलन को मजबूत करने और जनसेवा के कार्यों को गति देने पर चर्चा हुई।

### भाजपा नेता भारद्वाज ने पुष्पहार पहनाकर किया स्वागत



अल्प प्रवास पर शनिवार को मुरैना पहुंचें अपेक्स बैंक के अध्यक्ष/प्रशासक महेन्द्र यादव का भाजपा के वरिष्ठ नेता मुकेश भारद्वाज ने रेस्ट हाऊस पर पुष्पहार पहनाकर जोरदार स्वागत किया। उनके साथ भाजपा के अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

## मिलावट के आरोप लगाकर व्यापारी से मारपीट, 1 दबोचा

**बिहारीजी का पड़ाव में दुकान में घुसकर मारपीट का मामला**

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 30 मई ।** सिटी कोतवाली क्षेत्र के बिहारीजी पड़ाव में शनिवार को कुछ युवकों ने मिलावटी सामान बेचने का आरोप लगाकर एक किराना व्यापारी से मारपीट कर दी। घटना से बाजार में दहशत फैल गई।

शहर के दत्तपुरा इलाके की कदम सिंह वाली गली में रहने वाले अनिल मित्तल (62) पुत्र रामेश्वर दयाल मित्तल अपनी दुकान पर बैठे थे। इसी दौरान कुछ युवक पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए विवाद करने लगे।



आरोप है कि युवकों ने व्यापारी को पकड़कर लात-घूंसों से मारपीट की, जिससे उन्हें चोटें आईं। शोर सुनकर आसपास के दुकानदार मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कराया। भाग रहे आरोपियों में से एक युवक दीपक खरे निवासी सहरैयन का पुरा दिमनी को लोगों ने पकड़ लिया। घटना के बाद बड़ी संख्या में व्यापारी कोतवाली पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। व्यापारियों का कहना है कि आरोपी युवक पहले भी दुकानदारों को धमका चुके हैं।

## पुलिस सेवा महज नौकरी नहीं समाज के प्रति जिम्मेदारी : धर्मराज




**पुलिस अधीक्षक ने 5 महिला, 9 पुरुष आरक्षकों को सौंपे नियुक्ति पत्र**

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 30 मई ।** पुलिस भर्ती परीक्षा-2025 में चयनित 14 अभ्यर्थियों को शनिवार को पुलिस लाइन परिसर स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीणा ने नियुक्ति प्रमाण पत्र सौंपे। चयनित अभ्यर्थियों में 5 महिलाएं और 9 पुरुष शामिल हैं। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीणा ने नवनियुक्त आरक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस सेवा केवल रोजगार नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति समर्पण का दायित्व है। उन्होंने सभी आरक्षकों को ईमानदारी, अनुशासन, संवेदनशीलता और कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करने की सीख दी। एसपी श्री मीणा ने कहा कि वर्तमान समय में पुलिस की भूमिका केवल कानून व्यवस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि आमजन को त्वरित सहायता और न्याय उपलब्ध कराना भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने नवनियुक्त आरक्षकों से अपने व्यवहार और कार्यशैली से पुलिस के प्रति जनता का विश्वास मजबूत करने की अपेक्षा जताई। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेंद्रपाल सिंह डाबर, रक्षित निरीक्षक रविकांत शुक्ला सहित पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## सर्प ने डंसा तो स्नेक केचर उसे लेकर पहुंच गया अस्पताल

**अंबाह के हाथीरती का पुरा में सांप को पकड़ने के दौरान हुई घटना**

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 30 मई ।** अंबाह क्षेत्र के ग्राम हाथीरती का पुरा में घर के अंदर पाए गए जहरीले सांप को पकड़ने पहुंचें एक स्नेक केचर को ही सांप ने हाथ में डंस लिया। हालांकि मशक्कत के बाद उसने सांप को पकड़ लिया। जिसके बाद सांप को साथ लेकर स्नेक केचर व ग्रामीण जिला अस्पताल पहुंचें।



यहां से स्नेक केचर को गंभीर हालत में जिला अस्पताल से ग्वालियर रैफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम हाथीरती का पुरा निवासी रविंद्र सिंह तोमर के मकान में शनिवार को परिवार के सदस्यों ने एक जहरीले सांप को देखा तो घर में भगदड़ मच गई। रविन्द्र सिंह ने सांप को पकड़ने के लिए बड़ापुरा गांव निवासी स्नेक केचर धर्मसिंह पुत्र सुमेर सिंह को सूचना दी। कुछ ही देर में धर्मसिंह वहां पहुंच गया। धर्मसिंह जब घर के अंदर कोने में छुपे हुए सांप को पकड़ने की कोशिश कर रहा था, तभी सांप ने उसके हाथ में डंस लिया। सांप के काटने के कुछ देर बाद धर्मसिंह की हालत बिगड़ने लगी, तब वहां मौजूद परिवार के सदस्यों सहित ग्रामीणों ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक चिकित्सा के बाद गंभीर हालत के चलते उसे ग्वालियर रैफर कर दिया।

## तनाव मुक्त रहना है तो समय प्रबंधन जरूर सीखें : डॉ . कुमार

**मेंटल हेल्थ एवं स्ट्रेस मैनेजमेंट पर संभागस्तरीय कार्यशाला**

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 30 मई ।** विद्यार्थियों में बढ़ते मानसिक तनाव और उससे जुड़ी चुनौतियों को लेकर शनिवार को पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महा विद्यालय में मेंटल हेल्थ एंड स्ट्रेस मैनेजमेंट विषय पर संभाग स्तरीय सेंसिटाइजेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में चंबल संभाग के 100 से अधिक शिक्षक एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में अतिरिक्त संचालक ग्वालियर-चंबल संभाग डॉ. कुमार रत्नम ने कहा कि विद्यार्थियों में बढ़ते तनाव को कम करने के लिए मानसिक




स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता आवश्यक है। उन्होंने समय प्रबंधन को तनाव नियंत्रण का प्रभावी माध्यम बताते हुए विद्यार्थियों और कर्मचारियों को इसके महत्व से अवगत कराया। प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। नोडल अधिकारी डॉ. किशोर अरोड़ा ने वर्तमान पीढ़ी में बढ़ते तनाव के कारणों और उसके समाधान पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि तकनीकी रूप से सक्षम युवा यदि भौतिकवादी सोच और जीवन मूल्यों के बीच संतुलन बनाए रखें तो तनावमुक्त जीवन जी सकते हैं। विषय विशेषज्ञ डॉ. अशोक कुमार ने तनाव प्रबंधन के विभिन्न आयामों की जानकारी दी, जबकि डॉ. करण सिंह सैनी ने तनाव से जुड़ी शारीरिक एवं वैज्ञानिक प्रक्रियाओं पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने सक्रिय सहभागिता कर मानसिक स्वास्थ्य और तनाव प्रबंधन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं।

## किसानों के कल्याण में कोई कसर नहीं छोड़ेगी सरकार : महेन्द्र यादव




**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 30 मई ।** मप्र राज्य सहकारी बैंक (अपेक्स बैंक) के प्रशासक महेंद्र सिंह यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में वर्ष- 2026 को कृषक कल्याण वर्ष घोषित किया गया है जिसके तहत सरकार द्वारा किसानों के हित में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी।

शनिवार को जिला पंचायत सभागार में आयोजित बैठक में श्री यादव ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मुरैना के शाखा प्रबंधकों एवं पैक्स प्रबंधकों के साथ सहकारिता, सदस्यता महाअभियान, ऊर्जा संरक्षण और हरित सहकार अभियान की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ईंधन बचाओ-ऊर्जा बचाओ आह्वान को लेकर ऊर्जा संरक्षण के लिए सक्रिय सहभागिता की अपील की। साथ ही वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देने और एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत बैंक एवं पैक्स स्तर पर पौधरोपण लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए। महेंद्र यादव ने कहा कि 14 अप्रैल से 30 जून तक चल रहे सदस्यता महाअभियान में अधिक से अधिक किसानों को सहकारी समितियों से जोड़ा जाए। उन्होंने बी-पैक्स संस्थाओं की वार्षिक आमसभा में उत्कृष्ट किसान सदस्यों को सम्मानित करने का सुझाव भी दिया।

### बैठक में इनकी रही मौजूदगी

बैठक में पूर्व सांसद अशोक अर्गल, भाजपा जिलाध्यक्ष, दिनेश शर्मा, डॉ. योगेंद्र शर्मा, आकाश भदौरिया, केन्द्रीय जिला सहकारी बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कमल मकासरे सहित बैंक के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।


**सहकारिता बैठक में सदस्यता अभियान, ऊर्जा संरक्षण, हरित सहकार योजना की हुई समीक्षा**

## रीझौनी में श्रीमद भागवत कथा में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**कथाचार्य ने किया परीक्षित जन्म, शुकदेव आगमन का वर्णन, भजनों पर झूमे श्रद्धालु**

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 30 मई ।** जनपद पंचायत कैलारस की ग्राम पंचायत रीझौनी स्थित गढ़ी वाले हनुमानजी मठ मंदिर पर आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा पंडाल भगवान के जयकारों, भजनों और शंखध्वनि से गुंजायमान रहा।

कथा वाचक नागाबाबा आचार्य पं. फूलगिरी महाराज ने महाभारत के उत्तरकथा प्रसंग का वर्णन करते हुए राजा परीक्षित के जन्म और परम पूज्य शुकदेव जी महाराज के दिव्य आगमन की कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने गर्भ में ही परीक्षित की रक्षा की थी। जन्म के बाद बालक परीक्षित हर व्यक्ति में उसी दिव्य स्वरूप को खोजते थेए जिसके कारण उनका नाम परीक्षित पड़ा। महाराजश्री ने कहा कि



श्रीमद्भागवत कथा साक्षात भगवान श्रीकृष्ण का स्वरूप है। जो श्रद्धालु राजा परीक्षित की तरह एकाग्र होकर कथा श्रवण करता है, उसका कल्याण निश्चित होता है। कथा के दौरान प्रस्तुत संगीतमय भजनों पर श्रद्धालु भाव विभोर होकर झूम उठे।

आयोजन समिति के अनुसार कथा 5 जून तक प्रतिदिन दोपहर 11 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की जा रही है। मुख्य परीक्षित महेश पुरी नागा बाबा हैं। कथा में क्षेत्रभर से श्रद्धालु पहुंचकर धर्मलाभ प्राप्त कर रहे हैं।

## श्रद्धालुओं से भरी बोलेरो में ट्रक ने टक्कर मारी, 3 घायल

**सरायछौला क्षेत्र में शनिवार की सुबह एनएच-44 पर हादसा**

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 30 मई ।** गोवर्धन परिक्रमा लगाकर लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी बोलेरो जीप में पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे एक ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे जीप में सवार 3 श्रद्धालु घायल हो गए। हादसा शनिवार की सुबह करीब 4 बजे सरायछौला थाना क्षेत्र में एनएच-44 पर अल्लाबेली चौकी के पास होना बताया गया है।

जानकारी के अनुसार सुमावली विधानसभा क्षेत्र के जतावर गांव के आधा दर्जन श्रद्धालु शुक्रवार को उत्तरप्रदेश के गोवर्धन में परिक्रमा लगाने के लिए गए थे। परिक्रमा लगाने के बाद श्रद्धालु शनिवार की सुबह बोलेरो जीप क्रं. एमपी07-जेडई-6194 में सवार होकर गांव लौट रहे थे। इसी दौरान जब उनकी बोलेरो एनएच-44 पर अल्लाबेली चौकी के पास से गुजर रही थी। तभी पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे ट्रक क्रं. आरजे11-जीसी-8005 ने बोलेरो में टक्कर मार दी। जिससे बोलेरो में सवार हाकिम सिंह 40 पुत्र गजुआ सिंह, शिवदेवी पत्नी मलखान सिंह कुशवाह समेत ड्राईवर बंटी 30 पुत्र पूरन सिंह जख्मी हो गए। हादसे के बाद ट्रक को मौके पर ही छोड़कर ड्राईवर भाग निकला। सूचना मिलने के बाद सरायछौला पुलिस मौके पर पहुंचीं और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर ड्राईवर के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।




## भीषण गर्मी में बत्ती गुल होने से परेशान तिरुपति विहार के रहवासी

**कलेक्टर के नाम एसडीएम को दिया ज्ञापन, समाधान की मांग**

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 30 मई ।** नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत काशीपुरा रोड स्थित तिरुपति विहार कॉलोनी के रहवासियों ने बिजली समस्या के समाधान की मांग को लेकर शनिवार को कलेक्टर बंगला पहुंचें, जहां उनके द्वारा एसडीएम बीएस कुशवाह को ज्ञापन सौंपा। रहवासियों का कहना है कि कॉलोनी में नियमित बिजली व्यवस्था नहीं होने से लोग भीषण गर्मी में परेशान हैं।

ज्ञापन में बताया गया है कि बड़ोखर बिजली घर के पास स्थित कॉलोनी में लाइन नहीं होने के कारण लंबे समय से बिजली आपूर्ति बाधित है। इससे क्षेत्र में



रहने वाले लोगों को गर्मी के साथ विद्युत संबंधी अन्य समस्याओं का भी सामना करना पड़ रहा है। रहवासियों का कहना है कि पास में मौजूद गंदे नाले के पानी से बने जलभराव के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे मलेरिया और अन्य बीमारियों का खतरा बना हुआ है। कॉलोनीवासियों के अनुसार पूर्व में अस्थायी रूप से ट्रांसफार्मर रखकर बिजली व्यवस्था की गई थी, लेकिन बाद में विभागीय कर्मचारियों द्वारा लाइन हटा दी गई। रहवासियों ने बताया कि नए बिजली कनेक्शन की मांग करने पर भी कनेक्शन नहीं दिए जा रहे हैं। उन्होंने कलेक्टर से हस्तक्षेप कर शीघ्र बिजली व्यवस्था बहाल कराने की मांग की है।